# खाद संकट को लेकर विधायक ने शिवराज सिंह चौहान का काफिला रोका, कांग्रेस ने दिखाए काले झंडे


**सतना।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के दौरे पर हंगामा हो गया जब कांग्रेस विधायक ने उनका काफिला रोककर खाद संकट का मुद्दा उठाया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काले झंडे दिखाकर विरोध किया और किसानों की समस्या पर सवाल खड़े किए। मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काले झंडे दिखाकर नारेबाजी की और क्षेत्र में लगातार बनी खाद की किल्लत का मुद्दा उठाया। जानकारी के अनुसार,कांग्रेस विधायक ने सीधे केंद्रीय मंत्री से किसानों की समस्या पर सवाल पूछे और तुरंत समाधान की मांग की। इस दौरान शिवराज सिंह चौहान और विधायक के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से खाद की कमी को लेकर किसानों की परेशानी बढ़ी है। सतना समेत कई जिलों में



किसान खाद के लिए लंबी कतारों में खड़े हैं,जिसके कारण आक्रोश बढ़ रहा है। कांग्रेस ने इसे लेकर सरकार और कृषि विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। विवाद के बीच शिवराज सिंह चौहान ने किसानों को आश्वासन दिया कि खाद की उपलब्धता सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय पर किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाए और जल्द ही जिले में पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। वहीं,कांग्रेस विधायक का कहना है कि जब तक किसानों को राहत नहीं मिलती,विरोध-प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार किसानों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रही और केवल कागजों में योजनाएं बनाकर जिम्मेदारी से बच रही है।

## खबर संक्षेप

### एकेएस विश्वविद्यालय की छात्रा साक्षी का लेक्चरर पद पर चयन



**सतना।** एकेएस श्विविद्यालय, सतना की एमएससी रसायन विभाग की मेधावी छात्रा साक्षी मिश्रा ने अपनी प्रतिभा और परिश्रम के बल पर नई उपलब्धि दर्ज की है। उनका चयन शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज,हरदोई,जिला अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) में लेक्चरर पद के लिए हुआ है। इस नियुक्ति के साथ ही उन्हें वार्षिक चार लाख रुपये के पैकेज पर कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है। इस सफलता पर विश्वविद्यालय परिवार में खुशी और गर्व का माहौल है। विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर इंजी.अनंत कुमार सोनी,कुलपति डॉ.बी.ए.चोपड़े,रसायन विभागाध्यक्ष एवं डीन बेसिक साइंस डॉ.शैलेन्द्र यादव तथा रसायन विभाग के सभी सदस्यों ने साक्षी मिश्रा को हार्दिक बधाई दी। साथ ही उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी। यह उपलब्धि न केवल रसायन विभाग बल्कि पूरे विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

### स्व. श्रीनिवास तिवारी की प्रतिमा में अडंगा द्वेषपूर्ण : राहुल



**सतना।** रीवा में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय श्रीनिवास तिवारी की प्रतिमा स्थापना पर पुलिस विभाग द्वारा रोक लगाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने इसे द्वेषपूर्ण बताते हुए इसकी कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि रीवा नगर निगम द्वारा 31 मार्च 2018 को सर्व सम्मति से प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया था। इसके लिए बिजली विभाग,सड़क विकास प्राधिकरण और लोक निर्माण विभाग से तो अनापत्ति प्रमाण पत्र मिल गया,लेकिन पुलिस विभाग ने प्रमाणपत्र देने से इनकार कर दिया। अजय सिंह ने मुख्यमंत्री से तत्काल हस्तक्षेप करने की अपील की है,ताकि 17 सितंबर को श्रीनिवास तिवारी के जन्मदिन पर प्रतिमा का अनावरण हो सके।



## वैश्य महासम्मेलन जिला कार्यकारणी की बैठक आयोजित

**सतना।** वैश्य महासम्मेलन मैहर जिला कार्यकारिणी की बैठक होटल ओंकार पैलेश मैहर में प्रदेश महामंत्री सुरेश सोनी हरिओम गुप्ता भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने के अतिथि में आयोजित की गई। वैश्य महासम्मेलन मैहर के जिला अध्यक्ष अनुपम सोनी ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में आगामी कार्य योजना पर चर्चा हुई तहसील प्रवास सदस्यता अभियान संगठन विस्तार पर चर्चा एवं वैश्य समाज के लोगों की सुरक्षा और समाज के एक-एक व्यक्ति के लिए संगठन के प्रत्येक सदस्य हमेशा खड़े रहेंगे ऐसा संगठन के मंच से मैसेज वैश्य समाज को दिया गया।

## गरीबों का राशन ले रहे 315 कंपनी के डायरेक्टर

### 3 हजार 942 अपात्र लोगों को नोटिस जारी, जवाब मांगा



**सतना।** गरीबों के लिए चलाई जा रही सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में गड़बड़ी सामने आई है। खाद्य विभाग ने 3 हजार 942 संदिग्ध हितग्राहियों को नोटिस जारी किया है। इनमें 315 कंपनी डायरेक्टर भी शामिल हैं। जिले में पीडीएस के तहत कुल 2लाख 71 हजार परिवार सरकारी राशन का लाभ ले रहे हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी सम्यक जैन के अनुसार,नोटिस जारी किए गए लोगों में करीब 20 ऐसे राशन कार्डधारी हैं जिनका वार्षिक टर्नओवर 25 लाख रुपए से ज्यादा है। साथ ही 2 हजार 517 ऐसे कार्डधारी हैं जिनकी वार्षिक आय 6 लाख रुपए से ज्यादा है। 15 दिन के अंदर देना होगा जवाब खाद्य विभाग ने सभी संदिग्ध हितग्राहियों को 15 दिन के अंदर जवाब देने को कहा है। यदि वे जवाब नहीं देते या उनका जवाब संतोषजनक नहीं होता है,तो उनकी पीडीएस पात्रता समाप्त कर दी जाएगी। विभाग को आशंका है कि जांच में अपात्र लोगों की संख्या और बढ़ सकती है।

## राजनीतिक प्रदर्शन में शामिल होने वाली बाल कल्याण समिति सदस्य अंजना तिवारी के खिलाफ जांच शुरू

### संयुक्त संचालक ने दिए आदेश



**सतना।** बाल कल्याण समिति की सदस्य अंजना तिवारी के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने संवैधानिक पद पर रहते हुए राजनीतिक प्रदर्शन में हिस्सा लिया था। संयुक्त संचालक महिला बाल विकास डॉ अमिताभ अवस्थी ने इस मामले की जांच के लिए कलेक्टर को पत्र लिखा है। उन्होंने वस्तु स्थिति की रिपोर्ट अनुशंसा सहित संचालनालय को भेजने को कहा है। किशोर न्याय नियम 2016 के तहत बाल कल्याण समिति के सदस्य किसी राजनीतिक पद के पदाधिकारी नहीं हो सकते। अंजना तिवारी ने नियुक्ति के समय इस आशय का शपथ पत्र भी दिया था। मामला 1 सितंबर का है जब भाजपा ने कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया था। इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। अंजना तिवारी भी इस प्रदर्शन में शामिल हुई थीं। नियमों के उल्लंघन के कारण अब उनकी स्थिति विवादास्पद हो गई है।

## वन नेशन वन इलेक्शनः हितधारकों व युवाओं की राय और विचार जानना बेहद जरूरी!

**सतना।** गहरानाला परिसर में आयोजित युवा संसद कार्यक्रम में,केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'वन नेशन,वन इलेक्शन' (एक राष्ट्र, एक चुनाव) पर छात्रों को संबोधित किया और इस विषय पर उनकी राय भी जानी। यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण मंच था जहाँ भविष्य के नागरिकों को इस विचार पर चर्चा करने का अवसर मिला। 'वन नेशन, वन इलेक्शन' का उद्देश्य देश में एक साथ लोकसभा और सभी विधानसभाओं के चुनाव कराना है। इसका मुख्य लक्ष्य चुनाव खर्च को कम करना,बार-बार लगने वाली आदर्श आचार संहिता से मुक्ति पाना और विकास कार्यों में बाधा को रोकना है।

### 'एक राष्ट्र एक चुनाव' का अर्थ और उद्देश्य

'एक राष्ट्र,एक चुनाव' का मतलब है कि पूरे देश में लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक ही समय पर हों। वर्तमान व्यवस्था में,चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं,जिससे राजनीतिक दल,सरकारें और नागरिक भी लगातार चुनावी प्रक्रिया में लगे रहते हैं। इस पहल के समर्थक इसके कई फायदे बताते हैं। सबसे बड़ा फायदा है चुनाव खर्च में कमी। हर बार होने वाले चुनावों में चुनाव आयोग,राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों का भारी खर्च होता है,जिसे एक साथ चुनाव कराने से काफी हद तक बचाया जा सकता है। दूसरा बड़ा फायदा है बार-बार लगने वाली आदर्श आचार संहिता से मुक्ति। जब भी चुनाव होते हैं,आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है,जिससे सरकार की विकास परियोजनाएं और नीतियां प्रभावित होती हैं। एक साथ चुनाव होने से यह बाधा खत्म हो जाएगी और सरकारें बिना किसी रुकावट के काम कर पाएंगी।

### चुनौतियाँ और बहस

जहाँ 'वन नेशन, वन इलेक्शन' के कई फायदे हैं,वहीं इसकी अपनी चुनौतियाँ भी हैं। आलोचकों का मानना है कि यह संघीय ढांचे के खिलाफ है,क्योंकि यह राज्यों की स्वायत्तता को प्रभावित कर सकता है। यदि किसी राज्य सरकार को कार्यकाल पूरा होने से पहले ही गिरना पड़ता है,तो नया चुनाव कैसे होगा? इस स्थिति से निपटने के लिए संवैधानिक संशोधन और कानूनों में बदलाव की आवश्यकता होगी,जो एक जटिल प्रक्रिया है। इसके अलावा,यदि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते हैं,तो राष्ट्रीय मुद्दों का प्रभाव क्षेत्रीय मुद्दों पर हावी हो सकता है,जिससे मतदाताओं का ध्यान भटक सकता है।

### क्या निकलेगा निष्कर्ष

सतना में आयोजित युवा संसद कार्यक्रम एक सराहनीय पहल थी,जिसने छात्रों को 'वन नेशन,वन इलेक्शन' जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दे पर अपनी राय रखने का मौका दिया। यह विषय देश के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इस पर खुलकर बहस होनी चाहिए। इस विचार को लागू करने के लिए न केवल राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है,बल्कि संवैधानिक और कानूनी चुनौतियों का भी समाधान करना होगा। यह एक ऐसा मुद्दा है,जिस पर सभी हितधारकों,खासकर युवाओं की राय और विचार जानना बेहद जरूरी है।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री हर्ष नारायण को श्रद्धांजलि देने पहुंचे कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान



**रामपुर बघेलान।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपनी पत्नी साधना सिंह के साथ रामपुर बघेलान में विधायक विक्रम सिंह के निवास पर जाकर,उनके पिता और पूर्व राज्यमंत्री स्वर्गीय हर्ष नारायण को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सतना के सांसद गणेश सिंह और चित्रकूट के विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार सहित कई बीजेपी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### दिवंगत सुरक्षाकर्मी के बेटे को श्रद्धांजलि

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने सुरक्षा सहयोगी मोनू सिंह परिहार के दिवंगत बेटे अभिनव सिंह परिहार को सतना में श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और उनकी स्मृति में एक पौधा लगाया।श्री चौहान ने कहा कि यह पौधा अभिनव के उज्ज्वल व्यक्तित्व का प्रतीक बनेगा। इस दौरान,सांसद गणेश सिंह और मंत्री प्रतिमा बागरी भी मौजूद थीं।

## कृषि पंप पर जीएसटी घटाने का आश्वासन

**सतना।** एग्रीकल्चर मर्चेंट एसोसिएशन ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को कृषि पंपों पर जीएसटी कम करने के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन के अध्यक्ष रामचरण गुप्ता और अन्य सदस्यों ने किसानों की समस्याओं पर चर्चा की। मंत्री श्री चौहान ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे जल्द ही किसानों और व्यापारियों के हित में कृषि पंप पर जीएसटी में कमी करेंगे।

### सतना में भव्य स्वागत

रेलवे स्टेशन पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का सतना आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों और पुष्पवर्षा के साथ उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर श्री चौहान ने सतना को श्रीराम की तपोभूमि और मां शारदा का आशीर्वाद बताया। सांसद गणेश सिंह,मंत्री प्रतिमा बागरी और कई स्थानीय नेता भी स्वागत में उपस्थित थे,जिससे पूरा माहौल उत्साह से भर गया।

## मैहर के प्रथम पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल को भावभीनी विदाई

**मैहर।** मैहर जिले के पहले पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल का तबादला श्योपुर हो गया है,जिसके चलते उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की गई। बताया गया कि उन्होंने मैहर में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाई। समारोह में कलेक्टर रानी बाटड और पुलिस के आला अधिकारियों सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## मां शारदा लोक परियोजना पर काम हुआ शुरू, 19 और 20 सितंबर को होगा सर्वे



**मैहर।** मां शारदा की नगरी को नया रूप देने वाली मां शारदा लोक परियोजना पर आखिरकार काम शुरू हो गया है। कलेक्टर ने अधिकारियों को इस परियोजना में तेज़ी लाने का निर्देश दिया है। इस योजना के तहत 19 और 20 सितंबर को कंसल्टेंसी टीम मैहर आकर प्रस्तावित जगह का सर्वे करेगी। इस परियोजना के पूरा होने के बाद श्रद्धालुओं को आधुनिक सुविधाएँ मिलेंगी और मैहर का धार्मिक महत्व और बढ़ेगा। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि इस ऐतिहासिक योजना में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**नाम सुधार सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि मैं प्रणव अग्रवाल पिता श्री रमेश अग्रवाल निवासी वार्ड क्र. 14 कटरा बाजार मैहर तहसील मैहर का निवासी हूँ। मेरे आधार कार्ड क्रमांक 7138 1468 8020 एवं पेन कार्ड क्रमांक BAIPA2858R में मेरा नाम प्रणव अग्रवाल पिता श्री रमेश अग्रवाल लेख है जबकि मेरे शैक्षणिक अभिलेख में व पासपोर्ट क्रमांक N0441498 में मेरा नाम प्रणव आनंद अग्रवाल लेख है। मै उक्त पासपोर्ट का रिन्यूवल करवाना चाहता हूँ किन्तु नाम में अन्तर होने के कारण रिन्यूवल नही हो रहा है। मैं अब आगे अपना नाम प्रणव अग्रवाल पिता श्री रमेश अग्रवाल लेख करवाना चाहता हूँ।

**नाम सुधार सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि मैं याचना अग्रवाल पत्नी प्रणव अग्रवाल निवासी वार्ड क्र. 16 कटरा बाजार मैहर तहसील मैहर की निवासी हूँ। मेरे आधार कार्ड क्रमांक 2536 5174 2617 एवं पेन कार्ड क्रमांक EADPK9326J में मेरा नाम याचना अग्रवाल पत्नी प्रणव अग्रवाल लेख है जबकि मेरे शैक्षणिक अभिलेख में मेरा नाम याचना खरे पुत्री श्री उमाकांत खरे लेख है। मै अपना पास पोर्ट बनवाना चाहती हूँ तथा उक्त पासपोर्ट में अपना नाम याचना अग्रवाल पत्नी श्री प्रणव अग्रवाल लेख करवाना चाहती हूँ।

## नेशनल लोक अदालत के लिए 12 खंडपीठ का गठन

**पन्ना**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार शनिवार, 13 सितम्बर को जिला न्यायालय एवं कुटुम्ब न्यायालय पन्ना सहित तहसील न्यायालय पवई एवं अजयगढ़ मे नेशनल लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसके लिए कुल 12 खंडपीठ का गठन किया गया है। इनके माध्यम से राजीनामा योग्य विचाराधीन लंबित आपराधिक, चेक अनादरण, मोटर दावा दुर्घटना, दीवानी भू-अर्जन, पारिवारिक विवाद, भरण पोषण, घरेलू हिंसा इत्यादि प्रकरणों का निराकरण होगा। इसके अतिरिक्त विद्युत विभाग, सभी बैंक के ऋण वसूली, टेलीफोन विभाग के बिल सहित नगरीय निकायों पन्ना, देवेन्द्रनगर, अमानगंज, ककरहटी, गुनौर, पवई व अजयगढ़ के जलकर एवं संपत्ति कर से संबंधित सभी मामलों का निराकरण किया जाएगा। इसके लिए पक्षकारों को सूचना पत्र जारी किए गए हैं। सूचना पत्र प्राप्त नहीं होने पर भी पक्षकारों द्वारा नेशनल लोक अदालत में उपस्थित होकर प्रकरणों का निराकरण कराया जा सकता है। व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पन्ना के सचिव राजकुमार गौड़ ने जानकारी दी कि जिला न्यायालय में आठ, तहसील न्यायालय पवई में तीन और अजयगढ़ में एक खंडपीठ गठित की गई है। जिला न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय रूपेश शर्मा की खंडपीठ क्रमांक 1, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सुरेन्द्र मेश्राम की खंडपीठ क्रमांक 2, तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अरविन्द कुमार शर्मा की खंडपीठ क्रमांक 3, मुख्य न्यायिक मजिस्टेट रितिका पाठक मिश्रा की खंडपीठ क्रमांक 4, जेएमएफसी एवं प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड के प्रथम अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड बिन्दु पटेल की खंडपीठ क्रमांक 5, जेएमएफसी एवं द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड इकरा मिन्हाज की खंडपीठ क्रमांक 6, जेएमएफसी एवं चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड भूपेन्द्र सिंह की खंडपीठ क्रमांक 7 तथा जेएमएफसी एवं द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड श्वेता आर्य की खंडपीठ क्रमांक 8 का गठन किया गया है। इसके अतिरिक्त पवई तहसील में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सोम पाण्डेय की खंडपीठ क्रमांक 9, जेएमएफसी व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड अमित कुमार शर्मा की खंडपीठ क्रमांक 10 एवं जेएमएफसी व व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड हिमांशी ठाकुर भारद्वाज की खंडपीठ क्रमांक 11 तथा अजयगढ़ में जेएमएफसी व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड उपमा भार्गव की खंडपीठ क्रमांक 12 का गठन किया गया है। सभी पक्षकारों एवं आम जनता से नेशनल लोक अदालत में उपस्थित होकर राजीनामा के जरिए प्रकरणों का निराकरण कराने तथा विद्युत विभाग, बैंक, नगर पालिका, चेक अनादरण तथा दीवानी प्रकरणों में प्राप्त होने वाली छूट और न्याय शुल्क वापसी का लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया गया है।

## पिता पर कुल्हाडी से हमला करने वाला पुत्र गिरफ्तार

**कटनी**। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत झुर्री टोला ग्राम पंचायत केलवारा खुर्द में पिता पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। आरोपी की पहचान अजय उर्फ अज्जू कोल 22 वर्ष कोल निवासी झुर्री टोला के रूप में हुई है। गौरतलब है कि 8 सितम्बर की रात आरोपित पुत्र ने अपने पिता रमेश कोल पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था। घायल अवस्था में पिता को छोड़कर आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। इस दौरान आरोपी की लोकेशन और गतिविधियों पर नजर रखते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 786-25 एवं 296, 109(1) BNS के तहत प्रकरण दर्ज किया। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरुण बहादुर सिंह, चौकी प्रभारी बस स्टैंड उपनिरीक्षक योगेश त्रिपाठी, उप निरीक्षक मनोज पटेल सहित टीम की सक्रियता से यह गिरफ्तारी संभव हो पाई।

# नवागत एसपी निवेदिता नायडू ने पन्ना जिले का पदभार संभाला

### कानून व्यवस्था, साईवर अपराध, महिला अपराधों की रोकथाम को लेकर प्रमुखता



**पन्ना**। नवागत एसपी श्रीमती निवेदिता नायडू से सीधी बात करते हुए पन्ना जिले को लेकर प्रमुखता के बारे में किस तरह से कार्यप्रणाली को अंजाम दिया जायेगा। जिसको जाना जवाब में पुलिस अधीक्षक श्रीमती नायडू ने कहा कि पन्ना जिला भौगोलिक स्थिति को लेकर डिफिकल्ट जिला है ग्रामीण क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए हर समय पुलिस का सहयोग व सपोर्ट समय पर प्रदान करने के लिए प्रयास तत्परता से रहेगें। वहीं जिले की कानून व्यवस्था साईवर अपराध महिला अपराधों पर रोकथाम को लेकर प्रमुखता से कार्य किया जायेगा। इस तरह से पन्ना जिले की कमान संभालते हुए नवागत पुलिस अधीक्षक श्रीमती नायडू ने जहां अपनी मंषा कार्यप्रणाली को लेकर साझा की। गौरतलब बात यह है कि पन्ना जिले में महिला पुलिस अधीक्षक के रूप में जहां श्रीमती नायडू की जिम्मेदारी अहम मानी जा रही है। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक के रूप में भी पन्ना जिले में सुश्री बंदना सिंह चौहान जी पूर्व से ही अपर पुलिस अधीक्षक के रूप में जिम्मेदारी का निर्वाहन कर रही है। इस तरह से पन्ना पुलिस प्रषासन में जहां विषेषतौर पर तत्परता से भावी समय को लेकर कानून व्यवस्था बनाये रखते हुए अपराधों में कमी लाने को लेकर माना जा रहा है। वैसे पन्ना जिले में पहली पुलिस अधीक्षक महिला श्रीमती निवेदिता नायडू मानी जा रही है। जिन्हें सरकार ने जिम्मेदारी दायित्व निर्वाहन को लेकर सौंपी है। इस तरह से निष्चितौर पर पन्ना में यह माना जा रहा है कि जिस तरह से पूर्व जिलों में श्रीमती नायडू की कार्यप्रणाली जनचर्चा में रही है वह पन्ना के लिए भी बेहतर समय को लेकर माना जा रहा है।

# शिकागो उद्बोधन दिवस पर 'वसुधैव कुटुंबकम' और आत्मनिर्भर भारत का लिया संकल्प





**पन्ना**। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत दिनांक 11 सितम्बर 2025 को शिकागो उद्बोधन दिवस का आयोजन "वसुधैव कुटुंबकम् और आत्मनिर्भर भारत की दिशा" विषय पर हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. एस.डी. चतुर्वेदी एवं संयोजक डॉ. बी.एन. जायसवाल द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से किया गया। इस अवसर पर डॉ. सूरज पटेल, डॉ. पूनम तिवारी, डॉ. रुचिका वर्मा, डॉ. वरदानी प्रजापति, डॉ. पुष्पराज चौरसिया सहित अनेक प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. एस.डी. चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि विवेकानंद के आदर्शों से शक्ति लेकर ही युवा भारत को विश्वगुरु बना सकते हैं। मुख्य वक्ता डॉ. रुचिका वर्मा ने कहा कि शिकागो में स्वामी विवेकानंद का संदेश न केवल भारत की आध्यात्मिक धरोहर का उद्घोष था बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रेम और सहिष्णुता का आह्वान भी था। उन्होंने युवाओं को आत्मनिर्भरता, शिक्षा एवं नशामुक्त जीवन अपनाने की प्रेरणा दी। डॉ. पूनम तिवारी ने आत्मानुशासन, नैतिकता एवं सेवा-भाव को आत्मनिर्भर भारत का आधार बताया। डॉ. सूरज पटेल ने शिकागो उद्बोधन को भारतीय संस्कृति की विराटता का प्रतीक बताते हुए विद्यार्थियों को सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वरदानी प्रजापति एवं आभार प्रदर्शन डॉ. पुष्पराज चौरसिया ने किया। विद्यार्थियों को नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

# शिक्षक विद्यार्थियों को न केवल शिक्षा देते हैं बल्कि जीवन मूल्यों से भी जोड़ते हैं : पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह





**अजयगढ़**। जिले के अजयगढ़ विकासखण्ड के हायर सेकेण्डरी स्कूल हरदी में बुधवार को शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एवं संकुल के समस्त षिक्षकों का साल-श्रीफल देकर सम्मान किया। कार्यक्रम को संबंधित करते हुए कहा कि शिक्षा विकास का सर्वोत्तम मार्ग है। शिक्षक विद्यार्थियों को न केवल शिक्षा देते हैं, बल्कि जीवन मूल्यों से भी जोड़ते हैं। जहां अपने उदबोधन में विद्यार्थियों के प्रति षिक्षक का सम्मान भी होता है यह हमारी संस्कृति है षिक्षकों को विद्यार्थी अपने बच्चों की तरह प्रिय होते है। वहीं विद्यार्थी भी अपने गुरूओं के सम्मान के प्रति सदैव समर्पित रहते है। प्राचीन समय से हमारी परम्परा में यह देखने को मिलता है। वर्तमान समय में षिक्षकों के द्वारा ही विद्यार्थियों के रूप में जिन छात्र-छात्राओं को विद्या प्रदान करते हुए उनके जीवन को सार्थक बनाते है तभी वह अपने उन्नति तथा मंजिल को प्राप्त करते है। विद्यार्थी सदैव षिक्षक के द्वारा प्रदान की गई षिक्षा के माध्यम से जिस तरह से सफल होते है तभी ये यादगार के पल सदैव के लिए बन जाते है। गुरूओं के माध्यम से ही विभिन्न क्षेत्रों में विद्यार्थी अपने उन्नति का मार्ग तय करते है। वहीं विकास की दिषा में षिक्षकों का योगदान षिक्षा के माध्यम से सदैव जाना जाता है। साथ ही, विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने हेतु साइकिल वितरण किया गया एवं विद्यालय में छात्रों के पेयजल हेतु विधायक निधि से वाटर कूलर प्रदाय किया। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी श्री नंदपाल सिंह ने बताया कि क्षेत्र के सभी विद्यालयों के अध्यापकों का सम्मान किया गया। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम के आयोजक क्षेत्रीय नेता एवं समाजसेवी श्री रामपाल सिंह राजपूत जी रहे। इस कार्यक्रम मे धर्मपुर संकुल एवं हरदी संकुल के शिक्षक एवं शिक्षिकाये रही श्री बुंदेला जी ने सभी शिक्षक गणों को साल, पेन, डायरी देकर सम्मानित किया और स्कूल मे टॉप किये गए छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम के मार्गदर्शक के रूप मे नंदपाल सिंह लोध जी (बीईओ साहब) एवं अरबिंद सिंह बीआरसीसी रहे। कार्यक्रम मे श्री रामायण लोध, धीरेन्द्र लोधी जी, कौशल किशोर लोधी, मनोज प्रताप, शुभम सिंह राजपूत, इंद्रपाल सिंह, महेंद्र सिंह, रामरतन नरेंद्र सिंह, अमर सिंह, लालाराम, बीरेंद्र सिंह, रोशन सिंह सहित हजारों की संख्या मे आमजन मानस, नेता गण, शिक्षक जन उपस्थित रहे।

# शाहनगर में वनभूमि पर कब्जे की कोशिश नाकाम, जंगल की रक्षा में विभाग का सख्त संदेश




**सलेहा**। दक्षिण पन्ना वनमंडल के शाहनगर वन परिक्षेत्र में वन विभाग ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए अवैध कब्जे के प्रयास को मौके पर ही विफल कर दिया। बीट बिसानी में वन क्षेत्र क्रमांक आईएच-995 पर अतिक्रमणकारी द्वारा लकड़ी और घास-फूस से कच्ची झोपड़ी (मडैया) बनाकर तथा आसपास लैंटाना और खरपतवार की सफाई कर वनभूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था। गश्ती दल ने मौके पर पहुँचकर तत्काल कार्रवाई की। झोपड़ी से सामान निकलवाया गया, फोटो एवं वीडियो संधारित किए गए, अवैध रूप से प्रयुक्त लकड़ी जप्त की गई और झोपड़ी हटाकर कब्जे का प्रयास विफल कर दिया गया। साथ ही अतिक्रमणकारी को भविष्य में ऐसी गतिविधि न करने की कड़ी चेतावनी दी गई। यह कार्रवाई वन परिक्षेत्र अधिकारी राजुल कटारे के निर्देशन में की गई। इसमें परिक्षेत्र सहायक अनिल प्रताप सिंह, बीट प्रभारी प्रभाकर चतुर्वेदी, बीट प्रभारी संतोष रजक, तथा समिति सुरक्षा श्रमिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। वन विभाग ने स्पष्ट किया कि वनभूमि पर किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी और क्षेत्र की जैव विविधता व प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। यह कार्रवाई दक्षिण पन्ना वन मण्डल अधिकारी अनुपम शर्मा के निर्देशन में लगातार चल रही है। उनके मार्गदर्शन में वन संरक्षण के लिए विभाग ने कड़ी निगरानी, नियमित गश्त और जागरूकता अभियान शुरू किए हैं। अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे वन क्षेत्र की रक्षा में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल विभाग को दें। वन्यजीवों, पेड़ों और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए यह कदम महत्वपूर्ण साबित हो रहा है, जिससे जंगल में अवैध अतिक्रमण जैसी गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगी है।

# दर्जनों महिलाओं ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार पवई को सौंपा ज्ञापन



नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि के नेतृत्व में दर्जनों महिलाएं पहुंची

**पवई**। नगर परिषद पवई की कार्य प्रणाली को लेकर नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक 10 की महिलाओं ने ज्ञापन सोपा ज्ञापन में कहा गया है कि नलों में कीचड़ युक्त पानी आ रहा है वर्तमान में जो सके बनाई जा रही हैं वह नाली विभिन्न है जिस कारण बरसात का पानी सीधे घरों में घुस रहा है नगर परिषद में जो अस्थाई कर्मचारी पदस्थ हैं उनको कमाई के लिए पूरी छूट दी गई है तथा वह जनता को खुलेआम टैक्स एवं मकान निर्माण अनुमति एवं अन्य तरीके से लूट रहे हैं उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने नगर परिषद अध्यक्ष पर सीधे आरोप लगाया वह कर्मचारी द्वारा की जा रही भ्रष्टाचारी में प्रत्यक्ष रूप से लिप्त हैं जिसकी जानकारी संपूर्ण पवई नगर जनता जनार्दन को है ज्ञापन में कहां गया कि एक हफ्ते के अंदर उपरोक्त व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो मजबूर होकर जनता के साथ सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा

# शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में किये गये उत्कृष्ट कार्य को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर चन्द्रशेखर सिंह हुए सम्मानित



**पन्ना**। भारत प्रतिभा सम्मान काउंसिल दिल्ली द्वारा भारत प्रतिभा सम्मान समारोह ,प्रधान मंत्री संग्रहालय परिसर स्थित ऑडिटोरियम हॉल पुस्तकालय भवन में आयोजित किया गया। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से बाईस लोगों को उनके द्वारा किए गए अलग- अलग क्षेत्रों कला एवं संस्कृति, चिकित्सा, पर्यावरण, शिक्षा, समाज सेवा, व्रक्षारोपण, आई टी. कृषि, आदि में विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया। जिसमे मध्यप्रदेश से लोधी चन्द्रशेखर सिंह को शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र मे किए गये प्रयासों को आज राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया। और उन्हें भारत प्रतिभा सम्मान से सम्मानित करते हुए उन्हें मा.अनुराग सिंह ठाकुर (खेल एवं युवा मंत्री भारत सरकार), डॉ.कमल कुमार सेठी पद्मश्री, और शोभना नारायण पद्मश्री (भारतीय कथक डांसर) द्वारा प्रेस्टीजियस मेडल और सनद प्रदान किया गया। लोधी चंद्रशेखर सिंह ने प्रदेश और पन्ना जिले का नाम रोशन किया है।

# पन्ना पुलिस ने पवई थाना क्षेत्र में हुये हत्याकाण्ड के दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार, आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाठी-डण्डा जप्त

**पन्ना।**



पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पवई श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी पवई निरीक्षक त्रिवेन्द्र त्रिवेदी के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा हत्या करने वाले 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर जेल भेजा गया है। दिनांक 09/09/25 को फरियादी बद्री आदिवासी पिता औरैया आदिवासी उम्र 45 साल निवासी ग्राम जयपाल नगर द्वारा थाना पवई में रिपोर्ट की गई कि पुरानी बुराई के विवाद से गाँव के ही आशीष आदिवासी ने मेरे चचेरे भाई कमलेश आदिवासी को लाठी डण्डे से मार पीटकर हत्या कर दी है । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना पवई में मर्ग जाँच उपरान्त अपराध क्रमांक 396/25 धारा 296, 103 (1) बी एन एस का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा आरोपी की पतारसी एवं गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम को निर्देशित किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा मुखविर तंत्र को सक्रिय करते हुये मामले के अज्ञात आरोपी की पतारसी एवं गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किये गये तथा ग्राम जयपाल नगर एवं आसपास के गाँवो में आरोपी के संबंध मे लगातार पूँछताछ कर साक्ष्य संकलन किये गये। मामले में पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर मामले के आरोपी को ग्राम जयपाल नगर से पुलिस अभिरक्षा में लेकर घटना के सम्बंध मे सूझबूझ से पूँछताछ की गई। पूँछताछ पर आरोपी द्वारा अपना नाम पता पुलिस टीम को बताया गया। घटना के संबंध में पूँछताछ किये जाने पर आरोपी द्वारा बताया गया कि पुरानी बुराई पर मैने अपने भाई के साथ मिलकर मृतक को जान से मारने की योजना बनाई थी। घटना दिनांक को मैने अपने भाई सुनील आदिवासी के साथ मिलकर लाठी डण्डो से मारपीट कर मृतक की हत्या कर दी थी। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के बताये अनुसार आरोपी एवं उसके भाई को गिरफ्तार किया जाकर आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाठी-डण्डा जप्त किये गये हैं।

### गिरफ्तार आरोपी -

1- आशीष आदिवासी पिता लखन आदिवासी उम्र 25 साल निवासी ग्राम जयपालनगर थाना पवई

2- सुनील आदिवासी पिता कमलेश आदिवासी उम्र 20 साल निवासी जयपालनगर थाना पवई

जप्त सामग्री -

मामले में पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाठी डण्डा जप्त किये गये हैं।

### सराहनीय योगदान-

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी पवई निरीक्षक त्रिवेन्द्र त्रिवेदी, उनि एम एल कोल, प्र.आर. गणेश सिंह, अनिल गर्ग, आर. प्रेम, सुशील एवं राजेश का सराहनीय योगदान रहा पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

# माडल स्कूल में हुआ आयोजन मेधावी प्रज्ञा पाण्डेय एवं शंकर लाला कुशवाहा को मिला स्कूटी प्रमाण पत्र



**पवई**। शासकीय मॉडल उत्तर माध्यमिक विद्यालय पवई में शासन के निर्देश अनुसार विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा 12 के एक बालक एवं एक बालिका को स्कूटी प्रमाण पत्र प्रदान किए। प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले छात्र शंकर लाल कुशवाहा पिता राम प्रसाद कुशवाह ग्राम मुराछ ने 88.6ः एवं छात्रा प्रज्ञा पांडे पिता सूर्यबली पाण्डेय निवासी हिनौता ने 90ः अंक हासिल किया जिन्हे गुरूवार को विद्यालय मे स्कूटी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मौजूद विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र सोनी ने छात्रों को आगामी सत्र के लिए छात्रों को विद्यालय जिले एवं प्रदेश में अच्छे स्थान प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## खबर संक्षेप



### आवारा बैल के हमले से महिला की दर्दनाक मौत

**गर्दन के आर-पार हुआ सींग, कलेक्टर के आदेश की अनदेखी पर उठे सवाल**

**बड़ामलहरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव में आवारा बैल के हमले में एक महिला की दर्दनाक मौत होने का मामला सामने आया है। हादसा उस समय हुआ जब महिला घर के दरवाजे पर झाड़ू लगा रही थी। हमले के दौरान बैल का सींग महिला गर्दन के आर-पार होने के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद कलेक्टर का वह आदेश भी चर्चा का विषय बना हुआ है, जो कुछ दिन पहले उनके द्वारा जारी किया गया था और आवारा जानवरों को पकड़कर गौशाला भेजने की बात कही गई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़ामलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम सड़वा में 54 वर्षीय सगुनिया अहिरवार अपने घर के दरवाजे पर झाड़ू लगा रही थीं। उसी समय एक आवारा बैल दौड़ता हुआ आया और सगुनिया पर हमला कर दिया। बैल का एक सींग सगुनिया की गर्दन के आर-पार हो गया और मौके पर ही तड़प-तड़पकर उसने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बड़ामलहरा अस्पताल में डॉक्टर आदित्य पटैरिया की उप?स्थिति में पोस्टमार्टम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

**आदेश का पालन होता तो शायद नहीं होती घटना**

मृतिका के बेटे शिव कुमार ने बताया कि लंबे समय से क्षेत्र में आवारा जानवरों द्वारा लोगों पर हमला किए जाने की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। कुछ दिन पहले कलेक्टर ने आदेश जारी कर आवारा जानवरों को पकडऩे के निर्देश दिए थे, बावजूद इसके क्षेत्र के आवारा जानवरों को नहीं पकड़ा गया। यदि समय रहते कलेक्टर के आदेश का पालन किया जाता तो आज उसकी मां के साथ इतनी दर्दनाक घटना नहीं होती। अन्य ग्रामीणों ने भी कलेक्टर के आदेश की अनदेखी किए जाने को लेकर स्थानीय अधिकारी-कर्मचारियों पर नाराजगी जाहिर की है।

### 7 अज्ञात सहित 12 फरार आरोपियों पर 64 हजार रुपए का नगद पुरस्कार घोषित

**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने छतरपुर जिले के अंतर्गत 7 अज्ञात सहित 12 फरार आरोपियों पर 64 हजार रुपए का नगद पुरस्कार घोषित किया है। जो अपराध घटित करने के बाद से फरार है। आरोपी अमिता यादव निवासी झारी जिला नवरंगपुर उड़ीसा पर थाना सिविल लाईन छतरपुर में 5 हजार रुपए, रवि रैकवार निवासी ग्राम बसारी पर थाना सटई में 3 हजार रुपए, गीता सिंह उम्र 45 साल, निधि सिंह उम्र 24 सिंह निवासी पठापुर रोड पर थाना कोतवाली में 3 हजार रुपए, लज्जावती राजपूत ग्राम मिडका लवकुशनगर पर थाना कोतवाली में 3 हजार रुपए एवं थाना ओरछा रोड में पंजीबद्ध अपराध में 2 अज्ञात आरोपियों पर 10-10 हजार रुपए, थाना नौगांव में 1 अज्ञात आरोपी पर 5 हजार रुपए, थाना बक्सवाहा में 1 अज्ञात आरोपी पर 5 हजार रुपए, थाना अलीपुरा में 1 अज्ञात आरोपी पर 5 हजार रुपए, थाना गुलगंज में 1 अज्ञात आरोपी पर 5 हजार रुपए, थाना राजनगर में 1 अज्ञात आरोपी पर 10 हजार रुपए का नगद पुरस्कार घोषित किया है। पुरस्कार वितरण के संबंध में पुलिस अधीक्षक छतरपुर का निर्णय अंतिम मान्य होगा।

**आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसपी ने बनाई टीमें, दस हजार का इनाम घोषित**

# चार सिपाहियों को कैदी वार्ड में बंद कर सरकारी राइफल लेकर फरार हुआ खूँखार अपराधी

## शिवम शर्मा, पंकज तिवारी, राकेश, हरिशचन्द्र अहिरवार निलंबित




छतरपुर

छतरपुर जिला अस्पताल के कैदी वार्ड में तीन दिन से भर्ती हत्या के प्रयास का विचाराधीन खूँखार अपराधी रविन्द्र सिंह परिहार निवासी देरी थाना ओरछा रोड ने पुलिस को खुलेआम चुनौती दे डाली और रात को दो बजे कैदी वार्ड में डियूटी देने वाले चारों सिपाहियों को बंद करके उनकी सरकारी राइफल लेकर फरार हो गया। और उसकी सुरक्षा में तैनात चारों पुलिसकर्मी गहरी नींद में सोते रह गये। जैसे ही पुलिस अधीक्षक को इस बात की जानकारी लगी तो वह जिला अस्पताल के कैदी वार्ड में पहुंचे तो वहां बाहर से ताला लगा हुआ था। पुलिसकर्मियों ने कैदी वार्ड के ताले को तोड़ा तब पता चला कि आरोपी रविन्द्र सिंह परिहार ने उस समय आरक्षकों की जेब से चाबी निकाल ली जब वह गहरी नींद में सो रहे थे और ताला खोलकर राइफल लेकर भाग गया। आरोपी के भागे जाने से देरी गांव खासकर उस परिवार में दहशत है जिस परिवार पर उसके द्वारा फायरिंग की गई थी। एसपी ने सबसे पहले चारों पुलिसकर्मियों की लापरवाही मानते हुये उन्हें निलंबित कर दिया है।

### 9 सितम्बर को हुआ था भर्ती

हत्या के प्रयास में जेल में बंद विचाराधीन कैदी को 9 सितम्बर को पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल के कैदी वार्ड में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था लेकिन इस खूँखार अपराधी ने दो दिन बाद पुलिसकर्मियों से सांठ-गांठ कर सरकारी राइफल लेकर भाग खड़ा हुआ।

### गत वर्ष हुआ था शॉर्ट इंकाउंटर

आरोपी रविन्द्र सिंह परिहार पर 5 मामले पहले से दर्ज थे और एक मामला गत वर्ष गांव के इन्द्रपाल सिंह परिवार पर गोली चलाने के बाद दर्ज हुआ था तब पुलिस ने जानकारी मिलने पर उसके घर दबिश दी थी तभी आरोपी ने पांच थानों की पुलिस पर फायरिंग करते हुये चुनौती दी और भाग खड़ा हुआ था तब उस पर 30 हजार का इनाम घोषित किया गया था। 18 नबम्बर 2024 को पुलिस ने मांतगुवां के पास शॉर्ट इंकाउण्टर करते हुये पैर में गोली मार दी थी और गिरफ्तार कर लिया गया था और अस्पताल में भर्ती कराया गया था स्वस्थ्य होने के बाद उसे जेल भेज दिया गया था। करीब एक साल वह जेल की हवा खा रहा था।

### देरी गांव बना छावनी

आरोपी रविन्द्र सिंह परिहार के द्वारा पुलिस की राइफल लेकर फरार होने के बाद से ही पुलिस टीमें देरी गांव में दबिश दे रही हैं और देरी गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। जिस मुहल्ले में आरोपी का घर है वहां सन्नाटा पसरा हुआ है। कोई कुछ भी बताने को तैयार नहीं है उसके परिजन भी घर छोड़कर भाग खड़े हुये हैं। गांव के ही इंद्रपाल सिंह की सुरक्षा का भी ध्यान दिया जा रहा है और उसके घर के आसपास पुलिस की डियूटी लगा दी गई है। पुलिस ने ग्राम देरी से संदेह के आधार पर दो पुरूषों और एक महिला को गिरफ्तार किया है। साथ ही कोतवाली छतरपुर में आरोपी रविन्द्र सिंह के विरूद्ध पुलिस अभिरक्षा से भागने और पुलिस की राइफल चोरी करने का मामला भी अलग से पंजीबद्ध किया गया है।

### खांकी वर्दी हुई छीछालेदर

जिस तरह पुलिस अधीक्षक अगम जैन अपराधियों पर लगाम कसने के लिए तरह तरह के प्रयोग कर रहे हैं और उन्हें अपराधियों पर अंकुश लगाने में सफलता भी मिल रही है लेकिन लापरवाह पुलिसकर्मियों की खूँखार अपराधी से मिलीभगत के चलते खांकी वर्दी की छीछालेदर हुई है। जो खांकी वर्दीधारी अपनी खुद की राइफल नहीं बचा सके वह दूसरे की सुरक्षा क्या कर सकते हैं। ऐसे लापरवाह पुलिसकर्मियों का निंलबन कोई खास सजा नहीं है बल्कि इस तरह की घोर लापरवाही करने वालों को टर्मिनेट किया जाना चाहिए।

### आरक्षकों के नशे में होने की चर्चाएं

कैदी के द्वारा राइफल लेकर भागे जाने की घटना के बाद यह चर्चा है कि चारों आरक्षक नशे की हालत में गहरी नींद में सो गये थे तभी तो इस खूँखार अपराधी ने उनकी जेब से चाबी निकाली और ताला खोलकर भाग खड़ा हुआ। अब प्रश्न यह उठता है कि पुलिस प्रशासन ने चर्चाओं को विराम देने के लिए चारों आरक्षकों का मेडिकल परीक्षण तत्काल क्यों नहीं कराया।

### क्या कहा एसपी अगम जैन ने

पुलिस अधीक्षक अगम जैन से जब इस संबंध में बात हुई तो उन्होंने कहा कि इसमें पुलिसकर्मियों की लापरवाही है कहीं न कहीं आरोपी से उनकी मिलीभगत रहीह। अभी निलंबित कर दिया गया है और मेडिकल परीक्षण भी पुलिसकर्मियों का करवा रहे हैं। आगे मामले की जांच पूरी तरह से चल रही है और जांच पूरी होने पर जो भी वैधानिक कार्यवाही होगी वह आरक्षकों के विरूद्ध की जायेगी। उन्होंने बताया कि कुछ अहम सुराग मिले है और जल्द ही इस मामले का खुलासा किया जायेगा।

# सीमेंट में रेत की जगह एम सैंड के नाम पर 100 फीसदी डस्ट मिलाकर हो रहा 4 करोड़ की लागत से गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य

**निर्माण कार्य : घटिया सामग्री से हो रहा कृषि उपज मंडी में काम**

### 50 फीसदी एम सैंड के नाम पर 100 फीसदी डस्ट का हो रहा प्रयोग

नौगांव।

कृषि उपज मंडी निर्माण के नाम पर भ्रष्टाचार का केंद्र साबित हो रही है। मंडी परिसर में 3 करोड़ की लागत से गुणवत्ताहीन सामग्री से हुए निर्माण कार्य का मामला अभी शांत नहीं हुआ था कि अब मंडी में सवा 4 करोड़ रुपए की राशि से गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य कराकर राशि को ठिकाने लगाया जा रहा है। निर्माण में लगने वाले मसाले में सीमेंट के साथ रेत की जगह 100 फीसदी से तैयार मसाले से गुणवत्ताहीन भ्रष्टाचार युक्त निर्माण कर राशि को ठिकाने लगाया जा रहा है। जब बुधवार को हरिभूमि टीम ने स्थल का निरीक्षण किया तो एसडीओ और उपयंत्री दोनों नदारद मिले जिसका फायदा ठेकदार के मेट के द्वारा गुणवत्ताहीन मैटीरियल लगाकर उठाया जा रहा है। फोन पर मंडी बोर्ड के एसडीओ हरिशंकर मिश्रा 50 प्रतिशत एम सैंड का प्रयोग करने की बात कह रहे हैं, जबकि साइट इंचार्ज उपयंत्री प्रीतम सिंह चौरसिया मसाले में लग रही डस्ट को एम सैंड बता कर सही बता रहे हैं।

नवीन कृषि उपज मंडी में निर्माण के नाम पर लगभग सवा 4 करोड़ से ज्यादा की राशि को ठिकाने लगाने का खेल चल रहा है। कैसे आम जनता से टैक्स के रूप में मिली राशि को ठिकाने लगाया जाता है। इसका जीता जागता उदाहरण है पड़ोसी टीकमगढ़ जिले के ठेकदारों की निर्माण कंपनी। कृषि उपज मंडी में अब टीकमगढ़ जिले की ही मेसर्स अजय गौतम नाम की कंपनी गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य की प्रथा को आगे बढ़ा रही है। मंडी बोर्ड सागर के द्वारा कृषि उपज मंडी में 4 करोड़ 25 लाख 95 हजार रुपए की राशि से निर्माण कार्य कराने का टेंडर टीकमगढ़ जिले की मेसर्स अजय गौतम कंपनी को दिया है, जिसमें कंपनी के द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। टेंडर के अनुसार कृषि उपज मंडी में 10 नग दुकान कम गोदाम, कृषक विश्राम गृह सह0 बैंक कम पोस्ट ऑफिस, आई टाइप स्टाफ क्वार्टर 4 नग एवं एच टाइप स्टाफ क्वार्टर 2 नग का निर्माण कार्य किया जा रहा है। यह सभी निर्माण प्लिंथ लेवल से बीम लेवल और कुछ कार्य छत लेवल तक हो गए हैं, लेकिन चल रहे निर्माण कार्य में ठेकदार के द्वारा गड़बड़ी कर गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्य में रेत की जगह 100 फीसदी डस्ट का प्रयोग कर मसाला बनाया जा रहा है, हालांकि ठेकेदार के द्वारा मौके कर रेत का भंडारण किया गया लेकिन निर्माण कार्य में रेत का प्रयोग नाम मात्र के लिए भी नहीं किया जा रहा है। बुधवार को जब हरिभूमि टीम मौके पर पहुंची तो मौके पर न तो मंडी बोर्ड के एसडीओ हरिशंकर मिश्रा मिले और



न ही साइट प्रभारी उपयंत्री प्रीतम सिंह चौरसिया मिले। हरिभूमि टीम ने निर्माण कार्य का मुआयना किया तो ठेकेदार के सुपरवाइजर के मार्गदर्शन में वैकल्पिक तौर कर रेत की जगह लगने वाली 50 परसेंट एम सैंड के स्थान पर 100 फीसदी डस्ट का प्रयोग किया जा रहा था। इसके अलावा फ्लाइएश ईंट की गुणवत्ता भी दोयम दर्जे की मिली।।मंडी में चल रहे निर्माण में घटिया सामग्री के प्रयोग की शिकायत स्थानीय नागरिक के साथ साथ मंडी के कर्मचारी एवं व्यापारी तक ने की। मौके पर दिखाने के लिए रखी रेत में

भी 70% से अधिक सिल्ट कंटेंट की मात्रा देखी जा रही है, वही गिट्टी, सीमेंट का मिलान भी सही अनुपात नहीं किया जा रहा है। तो वहीं डस्ट में पत्थर का चूरा मिलाकर निर्माण कार्य चल रहा है। जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि मंडी बोर्ड के अधिकारियों ने ठेकेदार को घटिया किस्म के मटेरियल का उपयोग करने की मौन सहमति दे दी हो। जिसके चलते ठेकेदार बेखौफ होकर घटिया किस्म की सामग्री का उपयोग कर कार्य किया जा रहा है। ऐसे में भविष्य में निर्माण कार्य के क्षतिग्रस्त होने की आशंका है।

इस कंपनी ने इससे पहले नवीन कृषि उपज मंडी में टीकमगढ़ जिले की हरिओम कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा निर्माण कराया था जो इतना घटिया था कि बिना उपयोग किये ही मंडी की इमारते खराब हो चुकी है, कार्यालय के भवन से पानी रिश्ता है, जगह जगह दीवारे सीमेंट छोड़ चुकी हैं, साथ ही मंडी को पूर्णतः प्रारंभ हुए बिना ही मंडी का सीसी पहुंच मार्ग पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका था, जिसके बाद अधिकारियों ने

पहुंच मार्ग का तो निर्माण करा दिया लेकिन बाकी निर्माण के हाल बदतर है। शासन ने जनवरी 2013 में नौगांव को नवीन कृषि उपज मंडी की सौगात दी थी। मगर मंडी बनते बनते बारह वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं लेकिन निर्माण के नाम पर भ्रष्टाचार करने वालो का खेल आज तक जारी है। बीते वर्ष 2023 में भी मंडी बोर्ड सागर द्वारा मंडी को विकसित करने के नाम पर लगभग 3 करोड़ की राशि से खाली पड़े मैदान पर सीसी, चबूतरा एवं टीनशेड का निर्माण कराया था। यह निर्माण कार्य भी मीडिया की सुर्खियां बना और एसडीएम ने निरीक्षण कर सामग्री की जांच कराई तो लैब टेस्ट रिपोर्ट में गिट्टी और रेत अमानक स्तर की पाई गई, जिसके बाद से कार्रवाई मंडी बोर्ड, एसडीएम ऑफिस और मंडी बोर्ड भोपाल के अधिकारियों के कार्यालयों की फाइलों में अटक कर रह गई।

### डेढ़ दशक से जमे एसडीओ और रिटायर्ड पंचायतकर्मी की मिलीभगत से हो रहा गुणवत्ताहीन कार्य -

मंडी बोर्ड में डेढ़ दशक से अधिक समय से जमे एसडीओ हरिशंकर मिश्रा, ठेकेदार मेसर्स अजय गौतम कंपनी के सुपरवाइजर पूर्व पंचायत कर्मी की मिलीभगत से घटिया निर्माण कार्य चल रहा है। पंचायतों में होने वाले घटिया निर्माण कार्य का उदाहरण मंडी में देखा जा सकता है, क्योंकि रिटायर्ड पंचायतकर्मी के द्वारा पंचायतों में कराए जाने वाले निर्माण कार्य की तर्ज पर ही मंडी में गुणवत्ताहीन निर्माण कराया जा रहा है।

### इनका कहना है -

निर्माण कार्य सही हो रहा है, उपयंत्री के पास पूरा जिला है, आज उपयंत्री लवकुशनगर गया है, कल हम।साइट पर पहुंचकर निर्माण कार्य चेक करेंगे।

**हरिशंकर मिश्रा, एसडीओ**
मंडी बोर्ड उपसंभाग छतरपुर क्षेत्र

मैं आज गढ़ीमलहरा साइट पर आया हूं, निर्माण कार्य में डस्ट का प्रयोग नहीं हो रहा है, जो भी निर्माण में सामग्री लग रही है तय मानक स्तर की ही लग रही है, फिर भी यदि डस्ट मिलाने की शिकायत है तो कल साइट पर पहुंचकर जांच करेंगे।

**प्रीतम सिंह भदौरिया, उपयंत्री,**
मंडी बोर्ड, उपसंभाग छतरपुर क्षेत्र

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, मासूम बेटी घायल



**छतरपुर।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में श्राद्ध समारोह के निमंत्रण बांटने के लिए घर से निकले एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के वक्त मृतक की बेटी भी उसके साथ थी, जो कि घायल हुई है। घटना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरू की है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम मौराहा निवासी रामरतन पटेल ने बताया कि उसके परिवार का 36 वर्षीय गिरिजा प्रसाद पटेल श्राद्ध समारोह के निमंत्रण के लिए देवेंद्रनगर अपने रिश्तेदार के घर गया था। उसके साथ उसकी 4 वर्षीय पुत्री भी थी। निमंत्रण देकर घर वापिस लौटते वक्त फोरलेन के घूरा ओवरब्रिज के समीप अज्ञात वाहन ने उसकी बाईक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गिरिजा प्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पुत्री को मामूली चोटें आईं। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान के लिए पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

### यात्री बस से टकराया तेज रफ्तार ट्रक



बाल-बाल बचे यात्री, बस चालक घायल

**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में सागर-कानपुर हाईवे पर गुरुवार को एक तेज रफ्तार ट्रक और यात्री बस से टकरा गया। गनीमत रही कि हादसे में बस चालक के अलावा अन्य किसी यात्री को चोटें नहीं आई। घायल चालक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरु की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक यात्री बस क्रमांक एमपी 09 एफए 2173 छतरपुर से बिजावर जा रही थी, तभी सागर-कानपुर हाईवे पर ढड़ारी गांव के पास सामने से तेज रफ्तार में आ रहा ट्रक क्रमांक एमपी 33 एच 1860 अनियंत्रित होकर बस से टकरा गया। दुर्घटना में बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई है, साथ ही बस चालक के पैर में चोट आई है। घटना के वक्त बस में करीब करीब दो दर्जन यात्री सवार थे, जो पूरी तरह सुरक्षित बच गए। घटना के बाद मौके पर पहुंची सिविल लाइन पुलिस ने हाईवे पर लगे जाम को खुलवाया और घायल चालक को जिला अस्पताल भिजवाया। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर मामले की जांच शुरू की है।

# महिला ने पति और उसके साथियों पर लगाए सामूहिक बलात्कार के आरोप

## दो दिन पहले हाईवे के किनारे पड़ी मिली थी हाथ-पैर से बंधी महिला

छतरपुर।

दो दिन पहले सिविल लाइन थाना क्षेत्र में ग्राम ढड़ारी के पास रेल्वे ब्रिज के समीप एक महिला संदिग्ध अवस्था में पड़ी मिली थी, जिसके हाथ-पैर बंधे हुए थे। पुलिस ने महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां होश में आने के बाद महिला ने अपने पति और उसके दो साथियों पर सामूहिक बलात्कार और मारपीट करने के बाद सड़क किनारे फेकने के आरोप लगाए हैं। चूंकि महिला पूर्व में कई लोगों पर इस तरह के आरोप लगा चुकी है, इसलिए पुलिस फिलहाल उसके बयान लेकर बारीकी से मामले की जांच कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को दिए गए अपने बयान में महिला ने कहा है कि उसके पति लक्ष्मी राजपूत ने अपने दो अन्य साथियों के साथ पहले सामूहिक बलात्कार किया और इसके बाद मारपीट की गई। महिला के मुताबिक मारपीट के बाद आरोपी उसके हाथ-पैर बांधकर उसे ढड़ारी रेल्वे पुल के पास फेककर भाग गए। वहीं दूसरी ओर महिला के पति लक्ष्मी राजपूत का कहना है कि, उसकी पत्नी ने दो विवाह किए हैं। पहला विवाह भारत राजपूत के साथ किया था और दूसरा उसके साथ। लक्ष्मी राजपूत ने बताया कि उसकी पत्नी लोगों पर इस तरह से झूठे मामले दर्ज कराने में माहिर हैं। पहले भी वह कई लोगों पर इस तरह के मामले दर्ज करा चुकी है। पैसे ऐंठने की मंशा से उसने झूठे आरोप लगाए हैं। लक्ष्मी राजपूत ने सिविल लाइन थाना में एक आवेदन भी दिया है, जिसमें उसने मामले की निष्पक्ष जांच के बाद कार्रवाई की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि संबंधित महिला द्वारा पूर्व में कई थानों में गंभीर आरोपों के तहत मामले दर्ज कराए गए हैं, जिनमें दमोह में गैंगरेप (धारा 376 डी), बड़ामलहरा में धारा 354, गुलगंज में धारा 376 और बिजावर में मारपीट का एक मामला शामिल है। इतना ही नहीं महिला के खिलाफ भी बिजावर में मारपीट का एक मामला दर्ज है। उसने 22 मई 2025 को एसपी कार्यालय और कलेक्ट्रेट में भरतपुर गांव के सरपंच और सचिव पर दुष्कर्म व मारपीट के आरोप लगाए थे, जिसका बाद में समझौता हो गया था।

# लोकगीत सम्राट की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने उमड़े कलाकार

## पद्मश्री सम्मान दिए जाने की उठी मांग, जनप्रतिनिधियों ने किया समर्थन




**छतरपुर।** बुंदेलखंड की लोकसंस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाले लोकगीत सम्राट स्व. पंडित देशराज पटैरिया की पाँचवीं पुण्यतिथि पर भव्य बुंदेली संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें संपूर्ण बुंदेलखंड के प्रख्यात कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से उन्हें श्रद्धांजलि दी। सभी कलाकारों ने एक स्वर में पंडित देशराज पटैरिया को पद्मश्री सम्मान दिए जाने की मांग की, जिसका स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने समर्थन किया। स्वर्गीय पटैरिया के ज्येष्ठ पुत्र जयप्रकाश पटैरिया ने बताया कि स्व. पंडित देशराज पटैरिया की पुण्यतिथि पर हर वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिसमें संपूर्ण बुंदेलखंड के कलाकार उपस्थित होकर अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रद्धांजलि देते हैं। कार्यक्रम के दौरान बुंदेलखंड के लगभग ढाई दर्जन लोकगीत गायकों, वादकों और बुंदेली कवियों को विनय पटैरिया द्वारा शॉल-श्रीफल और प्रशस्तिपत्र से सम्मानित किया गया। साथ ही, नवोदित कलाकारों को भी प्रोत्साहन स्वरूप सम्मान दिया गया। बुंदेली संध्या में स्वर कोकिला के नाम से मशहूर श्रीमती उर्मिला पांडेय, सविता यादव, साधना राठौर, लक्ष्मी त्रिपाठी, राजकुमार प्रजापति, राजेश तिवारी, जयप्रकाश पटैरिया, छत्रभूषण पाठक, रामकिशोर मुखिया, बबलू कलाकार सहित अनेक लोकगायकों ने अपनी प्रस्तुतियों से माहौल को यादगार बनाया।कार्यक्रम में कलाकारों के अलावा पूर्व सांसद डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, छतरपुर विधायक ललिता यादव, राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया, पूर्व विधायक विक्रम सिंह नातीराजा, जुझार सिंह बुंदेला और भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह भी शामिल रहे। इस अवसर पर सभी कलाकारों ने एक स्वर में भारत सरकार से स्व. पंडित देशराज पटैरिया को पद्मश्री सम्मान दिए जाने की मांग की, जिसका जनप्रतिनिधियों ने समर्थन किया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि स्व. देशराज पटैरिया ने बुंदेलखंड की लोकसंस्कृति को विश्व पटल पर पहचान दिलाने का काम किया, जिसके लिए वे पद्मश्री सम्मान के हकदार हैं।

### कार्यकर्ताओं को तैयार कर रही समाजवादी पार्टी



**छतरपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने गुरुवार को जिला मुख्यालय पर पत्रकारवार्ता कर आगामी 19 और 20 सितंबर को खजुराहो में आयोजित होने जा रहे दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर की विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने छतरपुर जिले में केन-बेतवा लिंक परियोजना में की जा रही अनियमितताओं का मुद्दा भी उठाया। पत्रकारवार्ता में जिलाध्यक्ष कपूर सिंह यादव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। दोपहर करीब ढाई बजे सर्किट हाउस छतरपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव ने बताया कि 19 और 20 सितंबर को खजुराहो में दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर आयोजित होगा। इस शिविर में प्रदेश के लगभग 500 कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे, जिन्हें उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा लागू की गई योजनाओं को मध्यप्रदेश में लागू करने की रणनीति के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा। शिविर में आजमगढ़ सांसद धर्मेंद्र यादव मुख्य सचेतक होंगे, जबकि मोहनलालगंज सांसद आरके चौधरी, हमीरपुर सांसद अजेन्द्र लोधी, जालौन सांसद नारायण दास अहिरवार, पूर्व मंत्री बादशाह सिंह, चन्द्रदेव राम यादव, पूर्व एमएलसी शशांक यादव, डॉ. लक्ष्मण यादव, जेएमटी लखनऊ के एसए राय और पूर्व आईएफएस सुरेश यादव भी शामिल होंगे। डॉ. यादव ने पत्रकारों से इस आयोजन की जानकारी प्रकाशित और प्रसारित करने की अपील की। पत्रकारवार्ता के दौरान डॉ. यादव ने केन-बेतवा लिंक परियोजना का मुद्दा उठाते हुए कहा कि परियोजना में भूमि अधिग्रहण, निर्वासन और पुनर्वास में जमकर घोटाला किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी इसकी उच्च स्तरीय जांच कराने, दोषियों पर कार्रवाई कराने, फर्जी लाभार्थियों से वसूली कराने और वास्तविक विस्थापितों को न्याय दिलाने की रणनीति बना रही है। जल्द ही समाजवादी पार्टी इस भ्रष्टाचार के खिलाफ गांव-गांव पहुंचकर आवाज बुलंद करेगी।

## खबर संक्षेप

### समिति की खाद को मनमाने रेट पर घर से बेच रहा प्रभारी समिति प्रबंधक



**रीवा।** जिले की बहुउद्देशीय कृषक सेवा सहकारी समितियों में हो रही गम्भीर अनियमितताओं, खाद वितरण में देरी और किसानों के शोषण के खिलाफ भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रान्त ने बुधवार को सहकारिता महाप्रबंधक कार्यालय, कॉलेज चौराहा में धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में क्षेत्रीय किसान बड़ी संख्या में शामिल हुए और समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग को लेकर 13 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। किसान संघ का आरोप है कि खरीफ फसल (धान) के सीजन के दौरान जिले की अधिकांश सेवा सहकारी समितियों में यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है। बरसात के चलते खेतों में कार्य आरंभ हो चुका है, लेकिन किसानों को यूरिया खाद के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। मांग की गई है कि सभी समितियों में यूरिया की शीघ्र आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। संघ ने यह भी मांग की है कि आगामी रबी सीजन को देखते हुए सभी प्रकार के उर्वरकों का अग्रिम भंडारण किया जाए, ताकि किसानों को समय पर खाद और बीज मिल सके। संघ ने आरोप लगाया है कि सहकारी समितियों द्वारा खाद वितरण में अनियमितता की जा रही है। विशेष रूप से बरहदी और दुअरा समितियों में खाद और ऋण वितरण में गंभीर गड़बड़ी सामने आई है। किसानों का कहना है कि समिति प्रबंधकों द्वारा घर से खाद बेचने, ओवर रेटिंग करने और समिति में उपलब्ध खाद को छिपाकर रखे जाने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। मांग की गई है कि इन प्रबंधकों को तत्काल प्रभाव से हटाकर निष्पक्ष जांच कराई जाए।

**उप मुख्यमंत्री ने खाद की उपलब्धता व वितरण की जानकारी ली**

# खाद वितरण की सुचारू व्यवस्था करायें : डिप्टी सीएम

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा जिले में खाद की उपलब्धता एवं वितरण की जानकारी प्राप्त करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसानों को उपलब्ध खाद के वितरण की सुचारू व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि खाद की दो रैक कल तक प्राप्त हो जायेंगी जिन्हें डबल लाक केन्द्रों व सहकारी समितियों के माध्यम से व्यवस्थित ढंग से वितरण करायें साथ ही अभी डबल लाक केन्द्रों व सहकारी समितियों में उपलब्ध यूरिया का भी वितरण सुचारू ढंग से किया जाय ताकि किसानों को परेशानी न हो और वह सुगमता से खाद प्राप्त कर सकें। बैठक में बताया गया कि जिले के चार डबल लाक केन्द्रों गुढ़, उमरी, जवा व चाकघाट में वितरण प्रारंभ है। साथ ही आठ सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से भी किसानों को खाद वितरित की जा रही है। मनगवां व सेमरिया के इफको ई बाजार केन्द्रों में भी उपलब्ध खाद का किसान क्रय कर रहे हैं। आगामी दिनों में प्राप्त होने वाली खाद व उपलब्ध खाद के लिये किसानों को टोकन वितरित कर वितरण किया जा रहा है। प्राप्त होने वाली यूरिया निजी विक्रेताओं को भी उपलब्ध कराई जायेगी ताकि वह भी विक्रय करें और किसान सुविधानुसार यूरिया प्राप्त कर सकें। बैठक में पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद, प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



### उप मुख्यमंत्री ने बेला-सिलपरा रिंग रोड निर्माण की समीक्षा की शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के दिये निर्देश

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बेला-सिलपरा रिंग रोड की अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करें ताकि केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी से इसका लोकार्पण कराया जा सके। उन्होंने आरओबी, कैनाल के ऊपर ब्रिज तथा बीहर नदी के ऊपर बनाये जा रहे ब्रिज की प्रगति की जानकारी ली तथा कार्यों को गुणवत्ता के साथ नियत समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि आरओबी का कार्य अक्टूबर माह तक, कैनाल के ऊपर ब्रिज का कार्य नवम्बर माह तक तथा बीहर नदी के ऊपर फोरलेन ब्रिज/सड़क का कार्य अक्टूबर माह के अंत तक पूर्ण कर लिया जायेगा और जनवरी माह के अंत तक 13 किमी के रिंग रोड का कार्य पूर्ण हो जायेगा। उप मुख्यमंत्री ने सिलपरा तरफ आरईबाल बनाने तथा सड़क किनारे सर्विस रोड का कार्य किये जाने के निर्देश निर्माण विभाग को दिये। इस अवसर पर पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद, प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी एनएचएआई के अधिकारी तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सड़क किनारे अवैध पार्किंग पर खड़े ट्रकों पर परिवहन विभाग की सख्त कार्रवाई

### 55 वाहनों के बनाये गए चालान

**रीवा।** आरटीओ रीवा के निर्देशन में परिवहन सुरक्षा स्क्वाड रीवा ने सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के लिए सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ व्यापक चालानी कार्रवाई शुरू की है। यह अभियान शहर के प्रमुख मार्गों, विशेष रूप से रतहरा और चोरहटा बाईपास रिंग रोड जैसे व्यस्त क्षेत्रों में चलाया गया, जहां अवैध पार्किंग के कारण जाम और दुर्घटनाओं की समस्या बढ़ रही है।इन सभी वाहनों के ऑनलाइन चालान बनाए गए ।परिवहन अधिकारियों ने बताया कि अवैध रूप से सड़क किनारे खड़े ट्रक, कंटेनर हाइवा और अन्य वाहन,न केवल यातायात को बाधित कर देते है , बल्कि कई बार गंभीर दुर्घटनाओं का कारण भी बनते है। इस अभियान के तहत, परिवहन सुरक्षा स्क्वाड टीम ने वाहनों की जांच की और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के चालान काटे। कई वाहनों को मौके पर ही हटाने के निर्देश दिए गए, ताकि सड़क पर आवागमन सुगम हो सके।संभागीय परिवहन अधिकारी ने कहा अवैध पार्किंग सड़क सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। हमारा उद्देश्य न केवल नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई करना है, बल्कि लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना भी है।₹ उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी कार्रवाई और सख्त होगी, और बार-बार उल्लंघन करने वालों के खिलाफ वाहन जप्ती जैसी कठोर कार्रवाई भी की जा सकती है। अभी तक सडक के किनारे खड़े अवैध रूप से 55 वाहनो के चालान बनाये जा चुके है। रतहरा बाईपास के पास रहने वाले लोग और वहा से आवागमन करने वाले व्यक्तियों ने इस कार्य कि सराहना की है, रहवाशियों और दुकानदारों ने बताया की यहां अक्सर ट्रकों की अवैध पार्किंग से जाम लगा रहता है, जिससे हमें बहुत परेशानी होती है । परिवहन विभाग की इस पहल से अब स्थिति में सुधार होगा। आर टी ओ रीवा ने स्पष्ट किया कि कार्रवाई केवल नियम तोड़ने वालों के खिलाफ है और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी प्रक्रियाएं मोटर वाहन अधिनियम के तहत की जा रही हैं। पुलिस और प्रशासन के सहयोग से आर टी ओ ने शहर के अन्य हिस्सों में भी नियमित चेकिंग अभियान चलाने की योजना बनाई है। यह कदम रीवा में यातायात व्यवस्था को और बेहतर करने की दिशा में महत्वपूर्ण है।



# पूर्व विस अध्यक्ष श्रीनिवास तिवारी की प्रतिमा लगाने पर लगी रोक

### पुलिस ने रुकवाया काम, विवाद बढ़ा, कांग्रेस नेताओं ने जताई नाराजगी पुलिस लाइन के पास प्रतिमा स्थापना का चल रहा कार्य, 17 को लोकार्पण की थी तैयारी

**रीवा।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और विंध्य के कद्दावर नेता स्व. श्रीनिवास तिवारी की प्रतिमा स्थापना को लेकर विवाद शुरू हो गया। नगर निगम द्वारा पुलिस लाइन चौराहे पर प्रतिमा स्थापना का कार्य लगभग अंतिम चरण में था, लेकिन अचानक बुधवार को पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए निर्माण कार्य पर रोक लगा दी। इसके बाद राजनीतिक तापमान तेजी से चढ़ गया। नगर निगम और पुलिस विभाग आमने-सामने आ गए हैं। नगर निगम द्वारा चबूतरा निर्माण, मूर्ति स्थापना और सौंदर्यीकरण का कार्य बीते 10 दिनों से जारी था। बुधवार की सुबह अचानक पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और निर्माण कार्य को जबरन रुकवा दिया। इसके साथ ही क्षेत्र में सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती कर दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही महापौर अजय मिश्रा, कांग्रेस पार्षद और पार्टी पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। महापौर ने पुलिस की कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए इसे राजनीतिक साजिश बताया। उन्होंने कहा श्रीनिवास तिवारी किसी एक दल के नहीं, पूरे विंध्य की पहचान हैं। वे गरीबों, शोषितों और जनआंदोलनों की आवाज थे। जिस प्रकार प्रतिमा स्थापना को रोका गया है, वह जनता का अपमान है। कांग्रेस इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। वही पुलिस प्रशासन का कहना है कि नगर निगम द्वारा एसएफ चौराहे पर प्रतिमा स्थापना के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगा गया था, लेकिन वास्तविक निर्माण पुलिस लाइन चौराहे पर हो रहा है। यही स्थान पुलिस के लिए प्रस्तावित आवासीय योजना के अंतर्गत आता है। ऐसे में पुलिस का दावा है कि यह निर्माण अनधिकृत रूप से किया जा रहा है, वही नगर निगम ने पलटवार करते हुए कहा कि उन्होंने समय रहते पुलिस सहित सभी विभागों को एनओसी के लिए पत्र भेजे थे। 14 अगस्त को जोनल अधिकारी 20 अगस्त को निगम आयुक्त और 25 अगस्त को स्वयं महापौर ने कलेक्टर और एसपी को लिखित पत्र भेजे।इनमें साफ तौर पर प्रतिमा स्थल का उल्लेख करते हुए अनापत्ति प्रमाण पत्र की मांग की गई थी। आयुक्त ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि एमपीआरडीसी, विद्युत वितरण कंपनी, लोक निर्माण विभाग आदि की एनओसी प्राप्त हो चुकी है लेकिन पुलिस की ओर से अब तक अप्राप्त है। राजनीतिक तूल पकड़ते इस मामले को लेकर प्रशासन भी सतर्क हो गया है। प्रतिमा स्थल, भूमि स्वामित्व और पूर्व में हुई अनुमति प्रक्रियाओं की दस्तावेजी जांच शुरू हो गई है।



### 2018 में ही पारित हुआ था प्रस्ताव

बता से वर्ष 2018 में नगर निगम परिषद ने सर्वसम्मति से श्रीनिवास तिवारी एवं महाराजा मार्तंड सिंह की प्रतिमाएं स्थापित करने का प्रस्ताव पारित किया था। उस समय परिषद और महापौर दोनों भाजपा शासित थे। कांग्रेस से महापौर बनने के बाद अजय मिश्रा ने इस प्रस्ताव को अमल में लाकर 2022 में टेंडर जारी कर कार्यादेश जारी किया। प्रतिमा निर्माण का कार्य 41 लाख की लागत से लगभग पूर्ण हो चुका है और 17 सितंबर को स्वर्गीय श्री निवास तिवारी की 100वीं जयंती पर अनावरण प्रस्तावित है। पद्मधर पार्क में बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।राष्ट्रीय नेताओं के साथ ही प्रदेश नेतृत्व और विश्य के सभी नेता शामिल होंगे।

### शहर में दर्जनों प्रतिमाएं बिना एनओसी के स्थापित

शहर में कई प्रतिमाएं पहले से स्थापित हैं, जिनमें से अधिकांश के पास एनओसी नहीं है। कुछ तो सड़क किनारे लगे हैं, जिससे यातायात भी प्रभावित होता है। फिर अकेले श्रीनिवास तिवारी की प्रतिमा पर आपत्ति को चुनिंदा अड़चन करार दिया जा रहा है।

# जिला पंचायत में भ्रष्टाचार का खुलासा, कार्यपालन यंत्री बोले बाबू ही जांच में सबसे बड़ा रोड़ा, फाइलें दबाकर करते हैं सौदेबाज़ी

**आरईएस क्रमांक-2 के कार्यपालन यंत्री के वायरल वीडियो में खुली पोल**

**रीवा।** जिला पंचायत रीवा में फैले भ्रष्टाचार को लेकर अब खुद सरकारी अफसरों की ज़ुबान खुलने लगी है। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा क्रमांक-2 के कार्यपालन यंत्री एस.बी. रावत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वे पंचायतों में हो रहे घोटालों की जांच में बाधा पहुंचाने वालों की पोल खोलते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो ने जिला पंचायत की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।




वीडियो में रावत साफ तौर पर कहते सुनाई दे रहे हैं कि जिला पंचायत के कर्मचारी और बाबू अब दलाल की भूमिका निभा रहे हैं। ये जांच रिपोर्ट दबाकर रखते हैं और फिर सौदेबाज़ी करते हैं। फाइलें बंद कर दी जाती हैं, और भ्रष्ट सरपंचों व सचिवों को अभयदान मिल जाता है। रावत का कहना है कि जिला पंचायत में पदस्थ बाबू ही जांच कार्यवाही में सबसे बड़ी बाधा हैं। वे एक ही मामले की बार-बार जांच करवाते हैं, जिससे न तो निष्कर्ष निकलता है और न ही किसी पर कोई ठोस कार्रवाई होती है। अंततः शिकायतकर्ता और जांच अधिकारी दोनों थककर बैठ जाते हैं। वीडियो में कार्यपालन यंत्री ने दावा है कि जनपद पंचायत नईगढ़ी की जिलहंडी पंचायत का उदाहरण देते हुए कहा कि यहां 68 लाख रुपये के भ्रष्टाचार की शिकायत हुई थी, लेकिन उसे कथित रूप से 56 हजार रुपये में सुलझा दिया गया। रावत खुद वीडियो में कहते सुनाई दे रहे हैं कि यहां पैसे लेकर जांच को प्रभावित किया जाता है, जांच रिपोर्ट बदल दी जाती हैं और फाइलें दबा दी जाती हैं। उन्होंने पीड़ितों को सुझाव देते हुए कहा कि अब यहां से कुछ नहीं होगा, आपको सीधे हाईकोर्ट जाना चाहिए।

### जांच के नाम पर दिखावा, कार्रवाई ठप

रावत के अनुसार, जिला पंचायत में बड़ी संख्या में ऐसी जांच रिपोर्ट पड़ी हैं जिन पर वर्षों से कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने यह भी बताया कि कई पंचायतों में हुई जांच के बावजूद भ्रष्ट अधिकारियों को पहले जैसे वित्तीय अधिकार वापस दे दिए गए हैं, और कार्रवाई की जगह उन्हें इनाम मिला है।हालांकि वीडियो में किसी व्यक्ति विशेष का नाम नहीं लिया गया, लेकिन रावत की यह स्वीकारोक्ति कि जिला पंचायत के अंदर भ्रष्टाचार का गहरा जाल फैला है, पूरे सिस्टम की सच्चाई उजागर करती है।

# हनुमना मे भारतीय किसान संघ ने दिया गया ज्ञापन



**मऊगंज।** पूरे देश में किसानो की समस्या एवं हक की लड़ाई विगत 47 वर्षों से लड़ रहा भारतीय किसान संघ 10 सितंबर अपने ज्ञापन दिवस के अवसर पर पूरे देश से लेकर प्रदेश तक जिले से लेकर तहसील तक पूरे भारत वर्ष में ज्ञापन दिया गया जहां जिला स्तर पर कलेक्टर के माध्यम से तहसील स्तर पर एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर को अलग-अलग प्रकार के ज्ञापन दिए गए जिसमें किसानों की केंद्रीय स्तर की समस्याओं को हल कराने के लिए प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से एवं प्रदेश लेवल की समस्याओं को हल कराने के लिए मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम के माध्यम से ज्ञापन दिया गया वहीं जिला कलेक्टर को भी अलग ज्ञापन एसडीएम के माध्यम से भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने दिया जिसमें प्रमुख रूप से किसानों की सभी प्रकार की समस्या चाहे वह फसल बीमा किसान आईडी विद्युत विभाग की समस्या राजस्व विभाग की समस्या टूटी फूटी नहरो के कारण सिंचाईं व्यवस्था सही ढंग से न होने की समस्या खाद उपलब्ध न होने की समस्या वितरण की समस्या आवारा पशुओं की समस्या आदि सभी विषयों को शासन प्रशासन के सामने अपने ज्ञापन दिवस के अवसर पर देखकर निराकरण की मांग की गई है

इसी कड़ी में भारतीय किसान संघ हनुमना जिला मऊगंज महाकौशल प्रांत द्वारा आज दिनांक 10 सितंबर ज्ञापन दिवस के अवसर पर शाहपुर मोड हनुमना शिव प्रसाद मैरिज गार्डन में दोपहर 1:00 बजे एकत्रीकरण का कार्यक्रम रखा गया जहां भगवान बलराम भारत माता की पूजा अर्चना कर बलराम जयंती मनाई गई जहां मऊगंज जिला अध्यक्ष हरिशंकर पांडे तहसील अध्यक्ष रामकृष्ण मिश्रा सेवानिवृत शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता विजयपाल सिंह एवं डॉक्टर रघुनंदन प्रसाद मिश्रा आदि लोगों ने भगवान बलराम के जीवन पर अपने-अपने विचार रखें कार्यक्रम समापन के पश्चात सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता दोपहर 3:30 बजे एसडीएम कार्यालय हनुमना जाकर जिलाध्यक्ष हरि शंकर पांडे तहसील अध्यक्ष रामकृष्ण मिश्रा ने प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री एवं जिला कलेक्टर मऊगंज के नाम का ज्ञापन एसडीएम हनुमना श्रीमती रश्मि चतुर्वेदी को दिए इस अवसर पर वहां उपस्थित पदाधिकारी ने किसानों की प्रमुख समस्याओं को ज्ञापन के साथ-साथ मौखिक भी बताएं जिस पर एसडीएम हनुमना ने सभी समस्याओं को हल कराने के लिए आश्वासन दिए इस अवसर पर भारतीय किसान संघ जिला मऊगंज के अध्यक्ष हरिशंकर पांडे तहसील अध्यक्ष हनुमना रामकृष्ण मिश्रा जिला सह मंत्री यज्ञ नारायण सिंह विशेश्वर प्रसाद मिश्रा बघैला सेवानिवृत शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता विजयपाल सिंह रामकृष्ण मिश्रा प्रमोद कुमार मिश्र बृजेश कुमार पांडे दिवाकर प्रसाद पांडे चंद्रमणि प्रसाद मिश्रा कृष्ण बिहारी मिश्रा बद्री प्रसाद पाठक राम सुशील शुक्ला रामगोपाल पटेल रामाश्रय मिश्रा गुरु प्रसाद तिवारी रमेश कुमार द्विवेदी वीरेंद्र तिवारी विष्णु बहादुर सिंह राम गोविंद सिंह गोविंद नारायण पाठक जमुना प्रसाद विश्वकर्मा गणेश तिवारी रामकुमार पाल मुनेंद्र कुमार त्रिपाठी संकटा प्रसाद मुनेंद्र प्रसाद मिश्रा इंद्र बहादुर सिंह पवन गौतम हरिशंकर पाल रमाकांत पांडे अनंत लाल पांडे नंदकुमार मिश्रा ललित कुमार त्रिपाठी राजबहोर पटेल अवध शरण सिंह डॉक्टर रघुनंदन प्रसाद मिश्रा जिला मीडिया प्रभारी मऊगंज आनंद मिश्रा आदि सभी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही

# सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का निराकरण कर विभाग की रैंकिंग सुधारें : कलेक्टर

**स्वच्छता और सेवा पखवाड़ा में तय सभी गतिविधियों का आयोजन करें**

**मऊगंज।** कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराकर विभाग की रैंकिंग में सुधार करें। प्रकरणों के निराकरण के लिए आवेदक से फोन के माध्यम से संपर्क करें। लंबित प्रकरणों में कार्यवाही करके तथ्य सहित प्रतिवेदन दर्ज करें। कोई भी प्रकरण बिना कार्यवाही के एल-1 श्रेणी से एल-2 में गया तो संबंधित एल-1 अधिकारी पर कार्यवाही की जाएगी। अधिकारी समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। ग्रामीण विकास विभाग, सहकारिता, नगरीय प्रशासन, राजस्व विभाग तथा स्कूल शिक्षा विभाग प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें।



कलेक्टर ने कहा कि जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता और सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस अवधि में स्वच्छता, समाज कल्याण, दिव्यांगों के कल्याण, रक्तदान शिविर, पर्यावरण संरक्षण तथा महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी महाविद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण जागरूकता के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कराएं। नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई के लिए विशेष अभियान चलाएं। सामाजिक संगठनों तथा व्यापारिक संगठनों के सहयोग से 17 सितम्बर से 22 सितम्बर तक रक्तदान शिविरों का आयोजन करें। कलेक्टर ने कहा कि रीवा संभाग की प्रभारी अपर मुख्य सचिव 17 सितम्बर को संभागीय समीक्षा बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं की समीक्षा करेंगी। अपर मुख्य सचिव कृषि आदान तथा धान उपार्जन एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली से खाद्यान्न वितरण की भी समीक्षा करेंगी। सभी संबंधित अधिकारी तीन दिवस में बैठक से जुड़ी जानकारी निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत कर दें। बैठक में कलेक्टर ने किसान सम्मान निधि के लिए किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराने तथा समग्र पोर्टल पर शत-प्रतिशत ई केवायसी कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर एपी द्विवेदी, एसडीएम मऊगंज राजेश मेहता, एसडीएम हनुमना रश्मि चतुर्वेदी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।